**आवश्यकता है**

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

**कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस**

9425105928. 8319964648



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 141 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 02 मार्च 2024 | मूल्य 2 रुपया












# मेहमानों की इंट्री के संदेश देने वाला बना मिस्टर इंडिया

## गांधी सागर में बर्ड सर्वे शुरु, कई राज्यों से आए विशेषज्ञ

**मंदसौर, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मकान की छत पर कौवे की आवाज आते ही कहा जाता था कि मेहमान आने वाले हैं। मतलब मान्यता के अनुसार कौवे की आवाज मेहमानों का संकेत दिया करती थी। लेकिन, अब मेहमानों के आने का संकेत देने वाला कौवा मिस्टर इंडिया बन गया है। सिर्फ बिंदौली के गानों में ही कौवे का नाम आया करता है। हालांकि, गांधी सागर वन क्षेत्र में गिद्ध हो या अन्य पक्षी, उनके संरक्षण को लेकर सरकार गंभीर नजर आ रही है। तीन दिवसीय बर्ड सर्वे का काम शुक्रवार को शुरु हुआ।

### इसलिए कांव-कांव की आवाज नहीं सुनाई देती...

कौवे का मिस्टर इंडिया होने का महत्वपूर्ण कारण शहर का बिगड़ता पर्यावरण है। जानकारों के अनुसार बढ़ते शहरीकरण के कारण वृक्षों की संख्या कम हो रही है। इसका बुरा असर कौवों के आवास और प्रजनन पर पड़ रहा है इसके अलावा पहले की भांति लोग अब इस पक्षी की देखभाल और इसके खानपान का ध्यान नहीं रखते, जिससे इनका जीवन दुभर हो रहा है। कई बार प्रदूषित खाना खाकर भी कौवें काल के गाल में समा जाते है। मनुष्यों के सामान्य जीवन में यह पक्षी अनचाहा होता है। इसे धूर्त और मनहूस की संज्ञा मिली हुई है।

### कोरवस स्प्लैंडस है वैज्ञानिक नाम...

प्राणी शास्त्र के जानकारों के मुताबिक कौवे का वैज्ञानिक नाम कोरवस स्प्लैंडस है। आमतौर पर घने ओर गहरे वृक्षों पर अपना घोसला बनाता है। वृक्षों की कमी के चलते यह कई बार टेलीफोन के टावर पर भी आशियाना बना लेता है। आम मान्यता के विपरीत यह भोला पक्षी होता है। कोयल इसके घोसले में अंडा दे जाती है। कौवा उसकी देखभाल अपना अंडा समझकर करता है। यह सर्वभक्षी होकर मनुष्य का मित्र होता है। यह पर्यावरण संरक्षण में मददगार है, लेकिन खुद बिगड़े पर्यावरण का शिकार बन रहा है।



### बात गांधी सागर के बर्ड सर्वे की...

गांधीसागर के 365 वर्ग किमी के जंगल में पक्षियों की पाई जाने वाली विभिन्न प्रजातियों की गणना के लिए छठा तीन दिनी बर्ड सर्वे शुक्रवार से शुरु हुआ। इसके लिए देश के 12 राज्यों से 175 से अधिक विशेषज्ञ आए है। वाइल्ड वॉरियर्स इंदौर की टीम वन विभाग के साथ बर्ड विशेषज्ञ को लेकर भ्रमण कर रही है। अब तक हुए 5 बर्ड सर्वे के दौरान 2022 में हुए चौथे बर्ड में सर्वाधिक 246 पक्षियों की प्रजातियां पाई गई थी। गांधीसागर के जंगलों में तीन दिवसीय छठे बर्ड सर्वे के लिए कर्नाटक, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र सहित करीब 12 राज्यों के बर्ड विशेषज्ञ शुक्रवार को सुबह गांधीसागर पहुंचे। सर्वे के लिए विभाग ने 25 टीमें बनाई हैं जो अपनी ट्रेल (तय मार्ग) पर भ्रमण कर जानकारी जुटाएंगी। उनके फोटोग्राफ लिए जाएंगे। टीमें शुक्रवार शाम को भ्रमण पर निकली। शनिवार सुबह करीब 5.30 बजे सर्वे शुरू किया जाएगा जो सुबह 10 बजे तक चलेगा। सर्वे 3 मार्च की सुबह तक पूरा किया जाएगा।

**अब तक हुए सर्वे की स्थिति...**

| सर्वे | प्रजातियां |
|---|---|
| बर्ड सर्वे- | 1 226 |
| बर्ड सर्वे- | 2 222 |
| बर्ड सर्वे- | 3 220 |
| बर्ड सर्वे- | 4 246 |
| बर्ड सर्वे- | 5 227 |

# नपा सीएमओ के खिलाफ जमानती वारंट जारी

## मानवाधिकार आयोग ने जारी किए आदेश

**मंदसौर, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने के एक मामले में मंदसौर नपा सीएमओ सुधीर कुमार सिंह के खिलाफ मानवाधिकार आयोग ने पांच हजार का जमानती वारंटी जारी किया है। सूचना पत्र एवं जमानती वारंट एसपी छतरपुर के माध्यम से 30 अप्रैल के पूर्व तामिल करने के आदेश दिए गए है। कई पदीय एवं नामजद स्मरण देने के बावजूद प्रतिवेदन न देने के चलते सुधीर कुमार सिंह को आयोग ने 30 अप्रैल को स्वयं उपस्थित होने के लिए कहा है।

जानकारी के अनुसार प्रकरण के अनुसार आवेदक बंशगोपाल लखेरा नि. साकेत नगर कॉलोनी जिला मंदसौर ने डॉ विश्वास बंगाली के खिलाफ शादी समारोह के लिये पैलेस का निर्माण करवाये जाने के कारण आवेदक द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली नाली जाम होकर बंद हो जाने, गंदा पानी जमा होने की शिकायत की थी। मामले में आयोग ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी मदंसौर से प्रतिवेदन मांगा था।



लेकिन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मंदसौर को पूर्व में पत्र दिनांक- 13.10.2022, 28.11.2022, 03.02.2023, 17.04.2023 एवं 20.07.2023 को पत्र एवं स्मरण पत्र जारी किये गये थे। दिनांक 20.11.2023 को सुधीर कुमार सिंह मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मंदसौर को व्यक्तिगत नाम से पत्र जारी कर आयोग के समक्ष 15.12.2023 तक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने अन्यथा 15.12.2023 को आयोग के समक्ष उपस्थित रहने हेतु सूचना पत्र जारी किया गया था। सुधीर कुमार सिंह द्वारा ना तो प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया और ना ही वे दिनांक 15.12.2023 को आयोग के समक्ष उपस्थित हुये। सुधीर कुमार सिंह मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मंदसौर को उनके व्यक्तिगत नाम से व्यवहार प्रक्रिया संहिता की धारा 32 ग के प्रावधान अंतर्गत .... शेष पेज 3 पर

# अंचल में बारिश, कहीं-कहीं ओले भी गिरे

## मंदसौर मुख्यालय पर गरमी ने दिखाए तेवर


**मंदसौर, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मौसम विभाग ने शुक्रवार और शनिवार को मंदसौर जिले में बारिश का अनुमान लगाया था। सीतामऊ और शामगढ़ में कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। इसके अलावा मेलखेड़ा में मक्का के आकार के ओले भी गिरने की खबर है। हालांकि जिला मुख्यालय पर धूप में तेजी रही। गर्मी का असर यहां महसूस किया गया।

मंदसौर में अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री के आसपास बना रहा। दिन में तेज गर्मी और रात में हल्की ठंड का असर है। शनिवार को बादल छाए रहने के साथ एक दो स्थानों पर बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) ईरान के आसपास चक्रवाती परिसंचरण के रूप में एक्टिव हो चुका है। इसके असर से दक्षिण-पश्चिमी हवाओं के साथ अरब सागर से नमी आ रही है। मध्यप्रदेश में भी इसका असर देखने को मिलेगा। 5 मार्च से एक ओर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है।

# कांग्रेस के लिए आशा की किरण हो सकता है राजपूत प्रत्याशी?

**मंदसौर, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सामने लोकसभा चुनाव है, कांग्रेस को ऐसे नाम की तलाश है जो होने वाली हार को सम्मानजनक बना दे। जबकि, भाजपा निश्चित जीत के कारण प्रयोगात्मक प्रत्याशी पर फोकस कर रही है। लोकसभा चुनाव में दो ही दल भाजपा और कांग्रेस प्रमुख है। पर प्रत्याशी चयन और स्पर्धा का उद्देश्य एकदम उलट और अचरज भरा है। आजादी के पहले से बने राजनीतिक दल कांग्रेस को इज्जत बचाने वाला प्रत्याशी चाहिए तो भाजपा किसी नए कार्यकर्ता को प्रत्याशी के रुप में प्रयोग करने को तैयार है।

यह चर्चा राजनीतिक जगत में आम हो रही है। एक दशक पहले जब डॉ लक्ष्मी नारायण पांडे के बाद सुधीर गुप्ता का नाम संघ और संगठन के खेमे से सतह पर आया था। तब भी जिले के राजनीतिक अचंभित हुए थे। जबकि, तत्समय प्रत्याशी बनने की स्पर्धा में रघुनंदन शर्मा, बंशीलाल गुर्जर, चेतन कश्यप जैसे स्थापित और बडा राजनीतिक आकार लिए हुए नाम थे। सुधीर गुप्ता आज भी भावी लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनने की दौड़ में ट्रैक पर विराजे हुए हैं। संभावनाए इस स्थिति में है कि सम विषम अंदाज लगाया ही नहीं जा सकता है ना ही भाजपा में प्रत्याशी चयन के लिए यह मापदंड होते हैं। पर भाजपा में हमेशा ही चयन प्रक्रिया में समय अनुसार बदलाव किया जाता है या कहा जा सकता है की नई तकनीकी फ्रेम में फिट कर ही चयन किया जाता है। इसी कारण माना जा रहा है कि मंदसौर-नीमच संसदीय क्षेत्र से भाजपा किसी नए प्रत्याशी को मैदान में उतारेगी!


चन्द्रमोहन भगत

इधर कांग्रेस संगठन की राजनीतिक स्थिति हारे हुए उन सूरमाओं जैसी है जो अब टीम में खिलाड़ी बनकर मैदान में सिपाही की तरह फ्रंट में लड़ने को तैयार है। वर्ष 1951 के बाद से अभी तक 17 बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पांच बार जीते हैं। जबकि, भारतीय जन संघ के चार बार और भाजपा के आठ सांसद प्रत्याशी चुनाव जीते हैं। इनमें से भी डॉक्टर लक्ष्मी नारायण पांडे दो बार जनसंघ तथा छह बार भाजपा से जीते हैं। प्रधानमंत्री राजीव गांधी की शहादत के बाद भी महेंद्र सिंह कालूखेड़ा 6 हजार 700 मतों से लोकसभा चुनाव हारे थे। इसीलिए आंकड़े के युग के चुनावी आकलन में माना जा रहा है कि इस संसदीय सीट से कांग्रेस का राजपूत प्रत्याशी सबसे कम मतों से हारा था। अत: होने वाले लोकसभा चुनाव में भी अगर कांग्रेस किसी स्थानीय राजपूत प्रत्याशी पर दांव लगाकर सभी बड़े घरानों को एक कर लोकसभा चुनाव में उतारती है तो संघर्ष की स्थिति तक कांग्रेस की हैसियत बन सकती है। ऐसा आंकड़ों का अंदाज है, तभी सटीक बैठ पाएगा जब सभी कांग्रेसी एक होकर काम करेंगे। कांग्रेस को अभी भी राजपूत समर्थक बड़े स्थापित घराने के प्रत्याशी मिल सकते हैं। बस अच्छे जनाधार वाले नाम को सभी कांग्रेसी मिलकर चुनाव लड़ाएं जैसे विपिन जैन को मंदसौर से लड़ाया था। तब भी सभी के दो उद्देश्य पूरे हो रहे थे जो स्थापित कांग्रेसी विपिन के साथ थे, वह प्रतिस्पर्धी स्थापितों का वर्चस्व खत्म करना चाहते थे। दूसरा यशपाल सिसोदिया जैसे जमे जमाए प्रशासनिक पकड़ ... शेष पेज 3 पर













# समय के बदलते चक्र में वैदिक घड़ी से दुनिया में मध्यप्रदेश और देश का नाम बढ़ेगा-मुख्यमंत्री

## 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से अंतरित की 1576 करोड़ की राशि, लाड़ली लक्ष्मी योजना में 2.85 लाख बालिकाओं के खाते में 85 करोड़ की राशि की अंतरित, मुख्यमंत्री ने किया विक्रम पंचांग का विमोचन

**मंदसौर, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समय के बदलते चक्र में उज्जैन में स्थापित दुनिया की पहली वैदिक घडी मध्यप्रदेश एवं देश का नाम दुनिया में बढ़ायेगी। अब भारत का समय दुनिया में जाना जायेगा। राज्य सरकार सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित साहित्य का सृजन करने का प्रयास भी कर रही है। सम्राट विक्रमादित्य पर हमें सदैव गर्व रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को कालिदास अकादमी उज्जैन में संस्कृति विभाग स्वराज संस्थान एवं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित विक्रमोत्सव-2024, रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव उज्जैन-2024 और उज्जयिनी व्यापार मेला-2024 का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंचासीन अतिथियों के साथ मां सरस्वती एवं सम्राट विक्रमादित्य के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एमएसएमई मंत्री श्री चेतन कश्यप, पर्यटन एवं संस्कृति राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र लोधी, सांसद श्री अनिल फिरोजिया और



विधायक सर्वश्री अनिल जैन कालुहेड़ा, सतीश मालवीय, चिंतामण मालवीय तथा महापौर श्री मुकेश टटवाल मंचासीन थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य द्वारा स्थापित सभ्यता के आदित्य को दुनिया में पहचाना गया है। नागरिक तंत्र स्थापना के प्रथम पुरूष के रूप में सम्राट विक्रमादित्य जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि विक्रमोत्सव सरकार द्वारा समाज को साथ लेकर चलने वाला उत्सव है। उज्जैन काल गणना की नगरी है। साथ ही महाकाल की नगरी भी उज्जयिनी है। हम सनातन संस्कृति के संवाहक हैं। सनातन संस्कृति पर हमें गर्व है। महाकवि कालिदास ने अपने ग्रंथ और काव्यों के माध्यम से उज्जैन की गौरवगाथा का वर्णन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर अर्ष भारत, वीर भारत, संकल्प न्यास और मण्डला, डिंडोरी, जबलपुर, सतना, जिलों के स्वाधीनता संग्राम सेनानियों पर केन्द्रित पुस्तकों, रामराजा शीर्षक से प्रकाशित पुस्तकों और ओरछा के रामराजा पर केन्द्रित सीडी का विमोचन भी किया। केन्द्रीय नागरिक उडड्यन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने कहा कि उज्जैन प्राचीन नगरी है। उज्जैन मध्यप्रदेश ही नहीं समूचे विश्व की एक प्राचीन धरोहर है। यह गौरव की बात है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन ही नहीं पूरे प्रदेश का विकास करने का कार्य कर रहे हैं। उज्जैन को धार्मिक, आध्यात्मिक केन्द्र ही नहीं व्यापार, व्यवसाय एवं प्रमुख औद्योगिक केन्द्र बनाने का प्रयास भी उनके द्वारा किया जा रहा है। उज्जैन के विकास में सिंधिया परिवार के योगदान उल्लेख करते हुए केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि महाराजा राणोजी सिंधिया द्वारा महाकाल मंदिर निर्माण करवाया गया था और माधव महाराज द्वितीय ने माधवगंज में फ्रीट्रेड फेयर की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि उज्जैन में अपार संभावनाएं हैं। उज्जैन व्यापार मेले की शुरूआत प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण कदम है। मध्यप्रदेश में कृषि के साथ ही फार्मा इंडस्ट्री, टेक्सटाइल के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं। श्री सिंधिया ने कहा कि इन्दौर के बाद उज्जैन भी आने वाले समय में मिनी बाम्बे के रूप में पहचाना जायेगा। पूर्व मंत्री श्री पारस जैन, पूर्व विधायक श्री राजेन्द्र भारती, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, श्री विवेक जोशी, श्री बहादुर सिंह बोरमुण्डला, श्री जगदीश अग्रवाल सहित जन-प्रतिनिधि, अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, संभागायुक्त डॉ. संजय गोयल उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से जिले की 2 लाख लाड़ली बहनों को 32 करोड़ एवं 6 हजार लाड़ली बालिकाओं को 2 करोड़ का हितलाभ प्रदान किया**-मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उज्जैन से वीसी के माध्यम से सिंगल क्लिक द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत मंदसौर जिले की 2 लाख 69 हजार 571 लाड़ली बहनों को 32 करोड़ 44 लाख 25 हजार 750 रुपए की राशि का हितलाभ प्रदान किया। साथ ही कक्षा 6टी, 9वी, 11वी एवं 12वीं की 6 हजार 580 लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं को 2 करोड़ 39 लाख 64 हजार रुपए की छात्रवृत्ति का वितरण किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव के हितलाभ वितरण कार्यक्रम का प्रसारण एनआईसी कक्ष से देखा और सुना गया।

### सिविल कोर्ट के आदेश का पालन कराने में प्रशासन नाकाम...

# पीड़ित पक्ष को मिल रही जान से मारने की धमकी

**मंदसौर, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मंदिर की भूमि को लेकर बीते माह मंदसौर सिविल कोर्ट के फ़ाइनल ऑर्डर के बाद भी स्थानीय प्रशासन आदेश को अमल में लाने में नाकाम साबित हो रहा है। जहा पीड़ित पक्ष पर अन्य पक्ष द्वारा आये दिन जान से मारने की धमकी दी जा रही है। वही इस गंभीर मामले में क्षेत्रीय पुलिस थाने और चौकी से केवल खानापूर्ति की जा रही है।

जानकारी के अनुसार मंदसौर के ग्राम बुगलिया में बीते 10 वर्षो से मंदिर और पुजारी की भूमि को लेकर सिविल कोर्ट में विवाद चल रहा था। जहा गांव के रहने वाले एक पक्ष द्वारा विवाद करते हुए पुजारी की निजी भूमि पर दीवार बनाकर उसका रास्ता बंद कर दिया गया था। जिसके बाद उक्त मामला मंदसौर कोर्ट में पंहुचा। जहा 19 जनवरी 2024 को जिला न्यायाधीश अजित सिंह द्वारा मामले से जुड़े सभी दस्तावेजों के आधार उक्त भूमि का स्वामित्व पुजारी का बताते हुए पुजारी के पक्ष में फैसला सुनाया और दूसरे पक्ष को विवादित दीवार तोड़ने का आदेश दिया। लेकिन एक माह के बाद जब पुजारी पक्ष द्वारा स्थानीय प्रशासन को कोर्ट के फैसले की नक़ल और दिवार तोड़ने का आवेदन देने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की गई। वही पुजारी द्वारा एक घर से निकले का रास्ता बनाया गया तो दूसरे पक्ष द्वारा विवाद करते हुए जान से मारने की धमकी दी जाने लगी। विवाद बढ़ने पर सुचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया लेकिन वहा भी पुलिस द्वारा केवल खानापूर्ति कार्यवाही की गयी। वही दूसरे पक्ष ने कोर्ट का आदेश ना मानने की बात करते हुए उक्त दीवार को पुन: निर्माण करने की बात तहसीलदार के सामने की। मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार ने मौके का मुआयना भी किया है। पुजारी द्वारा बताया गया कि विवाद करने वाले पक्ष द्वारा उसी स्थान पर कोर्ट के आदेश के बावजूद दीवार निर्माण का कार्य फिर से शुरू किया जा रहा है। जिसकी जानकारी प्रशासन को होने के बाद भी प्रशासन कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर रहा है। वही पीड़ित पुजारी ने बताया कि गांव में उसे और उसके परिवार जान का खतरा बना हुआ है ,क्यों कि दूसरे पक्ष द्वारा खुले आम जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

## कनघट्टी में वित्तीय साक्षरता शिविर सम्पन्न

**पिपलियामंडी, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम कनघट्टी में मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक ने वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया। अतिथि आरएम ठाकुर, योगेश सेनी, संजय मोदी, कृष्णपालसिंह शक्तावत, महेश पाटीदार, पंकज पाटीदार थे। ठाकुर व मोदी ने बैंक संबंधी व योजनाओं बचत खाते, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन, किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ कैसे लिया जाए इस पर जानकारी दी। इस अवसर पर मुन्नालाल प्रजापत, चमनलाल पाटीदार, अखिलेश कौशिक, प्रभुलाल पाटीदार, कांता सेन, ललित आर्य, रेखा आर्य, सविता शर्मा सहित गणमान्य नागरिक व ग्रामीणजन उपस्थित रहे। स्वागत् पेगाम मोदी, संचालन अशोक फरक्या ने किया। आभार शाखा प्रबंधक दीपक मीणा ने माना।

## बीएसएनएल के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा

**मंदसौर, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारत चंदेल लेखाधिकारी बीएसएनएल मंदसौर द्वारा बताया गया कि मध्य प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा सभी तहसील एवं जिला न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को किया जाएगा। जिसमे आपसी समझोते केआधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। भारत संचार निगम लिमिटेड, मंदसौर द्वारा राजस्व की लंबित राशि से सम्बंधित लगभग 694 प्रकरणों को मंदसोर, नारायणगढ एवं गरोठ न्यायालयों में प्रस्तुत किया है। जिसका निराकरण नेशनल लोक अदालत में किया जाएगा। प्रिलिटिगेशन में प्रकरणों के लिए मंदसौर, नारायणगढ एवं गरोठ के न्यायालयों में सम्बंधित खंडपीठ के पीठासीन अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर प्रकरणों का निराकण किया जाएगा। भारत संचार निगम लिमिटेड ने नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष छूट का प्रावधान रखा है। उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार प्रकरण के निराकरण के लिए 'बी.एस.एन.एल. के कार्यालय में भी 9 मार्च 2024 के पूर्व भी सम्पर्क कर छूट का फायदा उठा सकते है। दूरभाष/ मोबाइल/ एफ.टी.टी.एच. के लंबित राशि के प्रकरणों से सम्बंधित उपभोक्ता से बी.एस.एन.एल. आपसी समझोते से 10% से 50% तक छूट का लाभ लेकर प्रकरण का निराकरण किया जाएगा।

## लायंस क्लब मनासा ने नेत्रदान करवाया

**मनासा, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** गोविंद जी, माधव जी , सुनील जी फरक्या (परदा) के पूज्य पिताजी एवं रक्तदाता क्लब मनासा के सदस्य पलाश फरक्या के पूज्य दादाजी श्री मोहनलाल जी फरक्या( घडोद वाला) का स्वर्गवास हुआ तत्पश्चात परिजन द्वारा नेत्रदान की सहमति प्रदान की गई। लायंस क्लब मनासा द्वारा गोमाबाई नेत्रालय नीमच के सहयोग से नेत्रदान करवाया गया। नेत्रदान के इस पुनीत कार्य हेतु गोमाबाई नीमच से डा. कमलाशंकर नागदा लायंस क्लब मनासा से रमेश मूंदड़ा, प्रशांत शर्मा, नेमीचंद पाटीदार, नितिन जैन , अश्विन सोनी मौजूद रहे।नेत्रदान के इस पुनीत कार्य हेतु फरक्या परिवार के उठावना कार्यक्रम में लायंस क्लब द्वारा नेत्रदान करवाने पर परिजन को आभार पत्र सौंपा गया।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने आठ संस्थानों से लिये सेम्पल



**मंदसौर, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला कलेक्टर के निदेर्शानुसार मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई करते हुए मंदसौर के आठ संस्थानों का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते नमूने जब्त किये गये है। जिन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी एस जामोद ने बताया कि दो दिनों की बडी कार्यवाही के दौरान मंदसौर के विजय चाट सेन्टर से लाल चटनी, पताश पानी, कादरी किराना स्टोर्स से आम का अचार, मोहन किराना स्टोर्स सोयाबीन बडी, पिंगल, नजमी किराना स्टोर्स से मिर्ची एवं हल्दी पाउडर, सांवलिया दूध डेयरी से दूध, पूजा दूध डेयरी से दूध, वृन्दावन दूध डेयरी से दूध, श्री राम दूध डेयरी से भी दूध का नमुना लिया गया। सभी खाद्य नमुनों को गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य प्रयोगशाला मप्र भोपाल भेजे गये है जहां से जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जायेगी। कार्रवाई के दौरान विभाग का सहयोगी स्टॉफ भी मौजूद रहा।

# भारत पेंशनर समाज की तहसील स्तरीय बैठक संपन्न


**मनासा, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आज दिनांक 1 मार्च 2024 को मां अन्नपूर्णा मंदिर परिसर मनासा में सरस्वती पूजन कर मध्य प्रदेश भारत पेंशनर समाज की तहसील स्तरीय एक आवश्यक बैठक नीमच जिला शाखा अध्यक्ष जे .सी. गुजेटिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें तहसील शाखा अध्यक्ष देवीलाल शर्मा ,वरिष्ठ संरक्षक एवं साहित्यकार डॉ पूरन सहगल ,सचिव हरिनारायण नंदवाना, कोषाध्यक्ष कैलाश चंद्र कुमावत, उपाध्यक्ष बापू लाल रावत ,सहसचिव मनोहर लाल मकवाना, संगठन सचिव मांगीलाल शर्मा, मानव अधिकार आयोग के जिला अध्यक्ष एवं संगठन के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश पुरोहित ,भाटखेड़ी प्रतिनिधि रामेश्वर जोशी, पिपलिया रावजी प्रतिनिधि रमेश चंद्र नागदा, महागढ़ प्रतिनिधि ओम प्रकाश पुरोहित, नलखेड़ा प्रतिनिधि जगदीश चंद्र शर्मा ,कड़ेश्वर प्रतिनिधि नरेंद्र कामदार, आंत्री प्रतिनिधि ओम प्रकाश व्यास एवं काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे एवं सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। जिसमें व्यक्तिगत लंबित प्रकरणों पर एवं मध्य प्रदेश शासन के द्वारा उचित मांगो पर ध्यान नहीं दिए जाने पर विचार विमर्श कर अपनी मांगों को मनवाने के लिए एक ज्ञापन माननीय डॉ मोहन जी यादव मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन भोपाल के नाम मनासा विधानसभा के लोकप्रिय विधायक माननीय श्री अनिरुद्धजी माधव मारू की व्यस्थता के कारण उनके प्रतिदिन के रूप में श्री प्रद्युनजी मारु (लल्लूभाई)का साफा बाथकर, पुष्प माला एवं श्रीफल द्वारा आत्मीय सम्मान कर एक ज्ञापन दिया गया। श्री प्रद्युनजी मारू ने अश्वत किया है कि आपका मांग पत्र विधायक जी के द्वारा शासन को पहुंचा कर पूर्ण सहयोग करेंगे। सचिव हरिनारायण नंदवाना द्वारा आभार प्रकट किया गया।



**मांग पत्र निम्न अनुसारहै:-** 1:- जिसमें प्रमुख मांग मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ पुनर्गठन की धारा 49( 6)को विधानसभा में प्रस्ताव पारित कराकर शीघ्र ही विलोपित की जावे। ताकि हमें महंगाई राहत केंद्रीय तिथि से समय पर प्राप्त हो सके। महंगाई राहत समय पर भुगतान नहीं होने से हमें आर्थिक नुकसान हो रहा है। 2:-केंद्र सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों एवं पेंशनरों को माह 1 जुलाई 2023 से 4% महंगाई राहत के आदेश जारी कर उन्हें भुगतान किया जा चुका है राज्य के कर्मचारीयो एवं पेंशनरों को भी 1 जुलाई 2023 से 4% महंगाई राहत के शीघ्र आदेश प्रसारित कर भुगतान करने का कष्टकरें। 3:-छठवें वेतनमान में 32 माह का बकाया एरिया एवं सातवें वेतनमान में 27 माह का बकाया एरियर उच्च न्यायालय के निर्णय का सम्मान कर शीघ्र ही भुगतान किया जावे। 4:-60 वर्ष से अधिक उम्र वालों के लिए चिकित्सा की आवश्यकता होती है गंभीर बीमारी की स्थिति में पेंशनरो के इलाज के लिए कोई प्रावधान नहीं है अत:राज्य के पेंशनरों को ?2000/- प्रति माह चिकित्सा भत्ता स्वीकृत करें या आयुष्मान योजना में सम्मिलित कर इलाज की अधिकतम राशि 25 लाख तक का प्रावधान किया जावे। इस प्रकार अन्य कहीं मांगे हैं जो मांग पत्र में दर्शाई गई है तदअनुसार मानवीयता के आधार को दृष्टिगत रखते हुए स्वीकृत कर पेंशनरों को राहत प्रदान करे ।

## सेवानिवृति पर शर्मा का निकाला बिदाई जुलूस

**पिपलियामंडी, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मप्र विद्युत मंडल में 34 वर्ष सेवा देने के बाद सेवानिवृत हुए गोविन्दराम शर्मा का बिदाई जुलूस निकाला। स्टेशन बालाजी से पोरवाल धर्मशाला तक बैंड-बाजों के साथ निकले बिदाई जुलूस में लोगों ने जगह-जगह पुष्पमालाएं पहनाकर शर्मा का सम्मान किया। जुलूस में विद्युत वितरण कंपनी के कर्मचारी, समाजजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल रहे।



## विश्व कल्याण का दैनिक कर्मकांड है, आरएसएस की शाखाएं

**मंदसौर, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रतिदिन लगने वाली एक घंटे की शाखाओं में कभी-कभी खुद स्वयंसेवक और बाहर से देखने



वाले लोगों को यह प्रतीत होता है कि, यह एक घंटा, संघ के लोग अनावश्यक बर्बाद करते हैं ? किंतु यह प्रतिदिन का एक घंटा, व्यक्तित्व निर्माण का एक करिश्माई कर्मकांड है।

किंतु कुछ लोग इस बात पर आश्चर्य करते हैं कि, क्या? यह एक घंटे का छोटा सा कार्यक्रम, समाज में एक ऐसा अतिश्रेष्ठ एवं सशक्त परिवर्तन लाने में समर्थ होगा जिसकी संकल्पना संघ करता है? यह एक अचूक एवं अनुभव सिद्ध बात है कि, संसार के लोग हमेशा जीवंत उदाहरण का अनुसरण करते हैं क्योंकि वह जैसा देखते हैं वैसा ही करते और सीखते हैं ना कि खोखले आदर्शों कें अनुसरण करते हैं। और यह एक घंटे का प्रशिक्षण, राष्ट्रीय चरित्र की ऐसी जीवित प्रतिमाओं को आकार देता है, जिनमें से एक दिव्य- शक्ति विकिर्ण होती है, जो लोगों को अच्छे मार्ग की ओर खींच लाती है। राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के लिए संघ, जिन दिव्य विचारों और संस्कारों को व्यक्ति- व्यक्ति में उतारना चाहता है, उसका परम पवित्र केंद्र है, दैनिक शाखा। यहां खेल, व्यायाम आसन, योग एवं इसके साथ ही बौद्धिक विचार विमर्श एवं संस्कारक्षम कहानियों, संस्मरणों के माध्यम से बाल्य एवं युवावस्था में ही स्वयंसेवकों के विचारों को प्रतिदिन परिष्कृत( फिल्टर) किया जाता है। क्योंकि, संघ का ऐसा मानना है कि बर्तन भी यदि रोज मांजे जाएं तो वह चमकते हैं, इसी प्रकार मन, आत्मा और शरीर का प्रतिदिन परिष्कार होना आवश्यक है अन्यथा यह कुंठित होते जाते हैं एवं उनकी फ्लैक्सिबिलिटी अर्थात लचीलापन समाप्त हो जाता है, फिर नया कुछ भी ग्रहण करने की क्षमता इनमें नहीं रहती। इसलिए प्रतिदिन की शाखा इसी तंत्र की एक प्रयोगशाला है।

प्रत्येक व्यक्ति को अपने मन पर नियंत्रण करने की कला आना चाहिए। क्योंकि घोड़े पर सवार होकर घोड़े को यदि स्वच्छंद छोड़ दिया ताकि वह उसकी जहां मनमर्जी हो वहां जाए तो घुड़सवार की यात्रा निरर्थक हो जाती है तथा कभी-कभी तो वह प्राण घातक भी हो सकती है। इसलिए जिस प्रकार घोड़े को नियंत्रित कर दिशा देना आवश्यक है इसी प्रकार प्रत्येक मनुष्य को अपने मन को भी दिशा देना आवश्यक है, अन्यथा एक दिशाहीन मन स्वयं के लिए और समाज के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। अत: संघ की यह एक घंटे की शाखा, व्यक्ति के मन, बुद्धि, शरीर के साथ एकात्मता स्थापित कर उसके जीवन में ऐसी सैद्धांतिक दृढ़ता का निर्माण करता है जो स्वयं के लिए, उसके परिवार के लिए तथा समाज एवं राष्ट्र के लिए वह हमेशा कल्याणकारी सिद्ध हो सके। इस एक घंटे की शाखा को सामान्य एकत्रीकरण समझने वाले लोग,इस भ्रम में ना रहें कि ,यह टाइम पास करने का कोई सेंटर है बल्कि यह भारत के उत्थान और विश्व के कल्याण के ताने-बाने बनाने वाले बुनकरों का एक बहुत बड़ा केंद्र है।

**रमेशचन्द्र चन्द्रे**

## जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

**मंदसौर, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** देश में श्री राहुल गांधी जी द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक शनीवार दिनांक 02 मार्च 2024 को सुबह 10:30 बजे आयोजित की गई है। जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष व मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन व कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ जन अपना मार्गदर्शन देंगे। इस बैठक में जिला कांग्रेस के पदाधिकारी गण एवं ब्लाक कांग्रेस के पदाधिकारी, प्रकोष्ठ-मौर्चा-विभागों के अध्यक्षगण, मंडलम-सेक्टर अध्यक्ष एवं कांग्रेसजन इस बैठक में उपस्थित रहेंगे।

# भजन सत्संग के बिना भगवान नहीं मिलते हैं -साध्वी प्रिया

**नीमच, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भगवान का भजन मन से करना चाहिए तभी भगवान के दर्शन हो सकते हैं। जो सत्संग में सच्चे मन श्रदा और विश्वास के साथ भजन करते हैं उन्हें भगवान अवश्य मिलते हैं। भजन सत्संग के बिना भगवान नहीं मिलते हैं।

यह बात संत श्री भक्ति प्रिया इंदौर की शिष्या एवं ईश्वरीय प्रेम आश्रम इंदौर की साध्वी विष्णु प्रिया जी ने कहीं।वे शुक्रवार 1मार्च को भागेश्वर महादेव आश्रम में सुबह 9 बजे आयोजित धार्मिक सत्संग प्रवचन में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि भक्ति करे तो भक्त शिरोमणि मीरा की तरह करें।परमात्मा से बार-बार सद्बुद्धि प्राप्त करने के लिए प्रार्थना करना चाहिए तभी हमारे जीवन का कल्याण हो सकता है। राम रस की भक्ति का प्याला सुबह-शाम पीना चाहिए। भक्ति सत्संग मेंअभिमान को त्याग कर विनम्र और सरल खाली मन करके जाना चाहिए तभी भक्ति सत्संग का धर्म लाभ का पुण्य मिल सकता है। रावण के पास सब कुछ था लेकिन अभिमान के कारण सत्संग के धर्म लाभ का पुण्य नहीं मिल सका था।अहंकार के कारण रावण के सामने राम परमात्मा होने के बाद भी वह प्रभुराम के दर्शन नहीं कर पाये थे। श्री राम के दर्शन सूर्पनखां, मंर्था, मेघनाथ और रावण को भी हुए लेकिन उनके जीवन में भजन सत्संग नहीं था इसलिए वह राम रुपी परमात्मा को पहचान नहीं सके।नामदेव अपनी भक्ति में इतने लीन रहते थे कि एक बार उनकी झोपड़ी में आग लग गई तो भी वह भक्ति में ही लिन थे। उनकी झोपडी को वापस ठीक करने के लिए श्री कृष्ण और रुक्मणी को स्वयं सुथार बनाकर आना पड़ा था। यादि भक्त सदैव परमात्मा की भक्ति में लीन रहता है तो भगवान सदैव भक्त के संकट में रक्षा करते हैं।विभिन्न प्रश्नों के उत्तर साध्वी विष्णु प्रिया जी के मुखारविंद से श्रद्धालु भक्तों को मार्गदर्शन के रूप में प्रदान किये जा रहे हैं। संत श्री भक्ति प्रिया इंदौर की शिष्या ईश्वरीय प्रेम आश्रम इंदौर की साध्वी विष्णु प्रिया जी के अमृत प्रवचन श्री राम कथा पर आधारित सत्संग ज्ञान गंगा प्रतिदिन भागेश्वर महादेव आश्रम मंदिर पर 24 फरवरी से 10 मार्च तक सुबह 9 से 10:30 बजे तक प्रवाहित हो रही हैं।

### बेस्ट-3 एम्पलाई ऑफ दी मंथ पुरस्कार से...

# बारह अधिकारी-कर्मचारियों को किया सम्मानीत

**नीमच, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अधिकारी-कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए बेस्ट एम्लाई ऑफ दी मंथ पुरस्कार योजना के तहत माह फरवरी-2024 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 अधिकारी-कर्मचारियों को बेस्ट एम्पलाई ऑफ दी मंथ पुरस्कार का वितरण टाउनहॉल नीमच में पूर्वमंत्री एंव विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शारदाबाई धनगर, नपा. अध्यक्ष श्रीमती स्वापति चौपडा, कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं एस.पी. श्री अंकित जायसवाल, एडीएम सुश्री नेहा मीना की उपस्थिति में किया गया।

टाउनहॉल नीमच में आयोजित कार्यक्रम में- 12 अधिकारी-कर्मचारियों को बेस्ट एम्पंलाई ऑफ दी मंथ के पुरस्कार वितरण समारोह में जिला पंचायत के समन्वयक स्वच्छता भारत मिशन श्री प्रवीणनाथ, पंचायत समन्वय अधिकारी श्री मांगीलाल भेंवर, विकास प्रबंधक एनआरएलएम श्री नरेन्द्र परमार, प्राचार्य शा.उ.मा.वि.कराडिया महाराज श्री आर.के.शर्मा, शिक्षा विभाग के सहायक ग्रेड-2 श्री अजयसिंह राठौर, महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी श्री अशोक ज्ञानवानी, प्रर्यवेक्षक श्रीमती चन्दार दाहिया, आंगवानवाडी कार्यकर्ता श्रीमती गायत्री सौनी, नीमच तहसील के पटवारी श्री दिनेश चौरडिया, कोटवार श्री मनोहर मीणा, तहसीलदार सिगोंली श्री राजेश सोनी, तहसील कार्यालय नीमच के सहायक ग्रेड-3 श्री आरीफखॉन को शासकीय कार्यो के क्रियान्वयन में उत्कृष्टकार्य करने पर बेस्ट एम्पलाई ऑफ दी मंथ के पुरस्कार से सम्मानित किया।

# प्रदेश के साथ नीमच जिले में भी वृहद उद्योग प्रारंभ होगें-सांसद

**नीमच, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव 2024 को शुभारंभ किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम अंतर्गत इंवेस्टजर मीट, बायर सेलर मीट, उज्जैयनी विक्रम व्यापार मेला आदि का भी आयोजन किया जा रहा है। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्लेल व उज्जैन में एमपीआईडीसी उज्जैयन द्वारा वृहद उद्योगों को भूमि आवंटित कर आशय पत्र वितरण किया गया। इसी आयोजन का नीमच जिले में क्षेत्रीय आयोजन टाउनहाल दशहरा मैदान नीमच में किया गया। कार्यक्रम का शुभाम्भ मॉ सरस्वयती जी के चित्र पर माल्योर्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



इस अवसर पर सांसद श्री सुधीर गुप्ता, पूर्व मंत्री व जावद विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, मनासा विधायक श्री अनिरुद्ध मारू, श्री पवन पाटीदार, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शरदाबाई धनगर, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा, कलेक्टर श्री दिनेश जैन, एडीएम सुश्री नेहा मीना, एस.पी. श्री अंकित जायसवाल जिले के उद्योगों के प्रतिनिधिगण, मंडी व्यापारी, पत्रकारगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में लाडली बहनें, आमजन उपस्थित थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने कहा, कि लाडली बेटी लाडली बहना बनी है। पूर्व एमएसएमई मंत्री श्री सखलेचा के विशेष प्रयासों से सगराना में सीमेंट उद्योग स्था।पित हो रहा है। पूर्व एमएसएमई मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा के विशेष प्रयासों से नीमच जिले में अनेक नये उद्योग स्थावपित हो रहे है। इसी के परिणाम स्वपरूप जिले के सगराना के नये औद्योगिक कलस्टर में श्री सखलेचा के प्रयासों से वृहद सीमेंट उद्योग की नई इकाई मैसर्स गोल्ड क्रस्टक प्रा.लि. व्दारा स्थापित की जा रही है। जिले में औद्योगिक क्षेत्र में बडे स्तर पर कार्य प्रारम्भ हो रहे है। अनेकों विकास कार्य हो रहे है। जिले के ग्राम सगराना में एक वृहद औद्योगिक ईकाई मेसर्स गोल्डर क्रस्ट सीमेंट प्रायवेट लिमिटेड के प्लांट का भूमिपूजन वर्चुअल माध्यम से रीजनल इण्डडस्ट्री कॉन्क्ले व 2024 उज्जैवन से किया गया व कंपनी के निदेशक श्री आर.एस. जोशी को मुख्यमंत्री डॉ.यादव द्वारा आशय पत्र भी प्रदाय किये गये। सीमेन्ट प्ला्ट लगने से क्षेत्र के लगभग 1700 युवाओं को रोजगार उपलब्ध होगा। गोल्ड क्रस्टे सीमेंट प्रायवेट लिमिटेड को जावद क्षेत्र में लगभग 150 हेक्टेयर की खदाने भी आवंटित की गई है। पूर्व मंत्री एवं जावद विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने उदबोधन में कहा कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स व उद्योग संघों की समय-समय पर बैठके आयोजित करवायी जाये। जिले में उद्योग स्थासपित होने से क्षेत्र के युवाओं को रोजगार भी उपलब्धठ होगा। नीमच विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार ने कहा कि बहन-बेटियॉं आज आत्मिनर्भर बनी है और समाज में उनका सम्म्न भी बढा है। अब माह की पहली तारीख को लाडली बहनों के खाते में राशि अंतरित की जा रही है। मनासा विधायक श्री अनिरूद्ध मारू ने कहा, कि जिले में विकास के अनेकों कार्य हो रहे है। शिक्षा के स्तनर पर में परिवर्तन आ रहा है। जिससे स्व रोजगार को बढावा मिलेगा। कोई भी कार्य छोटा नही होता। युवाओं को रोजगार उपलब्धर कराने के लिए सरकार हर सम्भढव सहायता कर रही है। युवागण नौकरी मांगने के बजाए स्वगरोजगार अपना कर नौकरी देने वाले एवं आत्मनिर्भर बने। उद्योगपतियों द्वारा अपने विचार एवं अनुभव साझां किये। जिसमें उद्योग संघ नीमच अध्यक्ष श्री अशोक चोरडिया फर्म-मेसर्स सीलवेल एवं अन्यं उद्योगपतियों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए। आभार एमपीआईडीसी उज्जैरन के सबइंजीनियर श्री पंकज जैन ने व्यउक्तो किया। कार्यक्रम का संचालन श्री अरूण सौलंकी ने किया। स्थाननीय कार्यक्रम में उज्जैन में हुए रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्ले व 2024 का सीधा प्रसारण उपस्थितजनों ने देखा व सुना। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा जिले से वर्चुअली जुडकर उद्योग पतियों से वन टू वन संवाद किया गया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 17 | 2240 | 2280 |
| उडद | 3 | 4300 | 4901 |
| सोयाबीन | 2146 | 3950 | 4570 |
| गैहु | 5000 | 2200 | 3001 |
| चना | 827 | 5000 | 5550 |
| मसुर | 500 | 5000 | 5700 |
| धनिया | 700 | 4651 | 6701 |
| लहसुन | 26000 | 3800 | 12900 |
| मैथी | 377 | 4800 | 6000 |
| अलसी | 544 | 4501 | 5201 |
| सरसो | 2100 | 4400 | 4790 |
| तारामीरा | 8 | 4730 | 4740 |
| इसबगोल | 4 | 14599 | 15900 |
| प्याज | 500 | 6311 | 1606 |
| कलोंजी | 32 | 13750 | 17801 |
| डॉलर | 4 | 5200 | 13601 |
| तिल्ली | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 2 | 2671 | 3201 |
| असालीया | 463 | 5600 | 7114 |

# हर बूथ पर 370 वोट अधिक प्राप्त करने का लक्ष्य-सारंग

## मंदसौर संसदीय क्षेत्र की लोकसभा प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एंव भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत संगठनात्मक कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र में भाजपा ने अपनी संगठनात्मक तैयारी प्रारंभ कर दी है। आज जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर संसदीय क्षेत्र की लोकसभा चुनाव प्रबंधन एंव संचालन समिति की आवश्यक बैठक उज्जैन संभाग के क्लस्टर प्रभारी, मध्य प्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एंव युवा कल्याण विभाग मंत्री माननीय विश्वास कैलाश सारंग के मुख्य आतिथ्य एंव सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, लोकसभा चुनाव प्रभारी बजरंग पुरोहित, लोकसभा चुनाव संयोजक देवीलाल धाकड, भाजपा जिलाध्यक्षगण नानालाल अटोलिया, पवन पाटीदार, विधायक माधव मारू, चन्दरसिंह सिसौदिया, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, विस्तारक धनजंय दीक्षित की गरीमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय जी एंव डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात भाजपा जिला महामंत्री गण गणपत सिंह आंजना एंव राजेश दीक्षित द्वारा मंचस्थ अतिथियों का



स्वागत किया गया। लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति एंव लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए उज्जैन संभाग के क्लस्टर प्रभारी, मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि आज इस बैठक के साथ ही हम सभी ने लोकसभा चुनाव के मैदान पर अपने कदम बढा दिये है। आप सभी प्रबंधन समिति के सदस्यों होने के नाते विगत कई चुनाव की बागडोर आप सभी ने बखूबी सम्माल रखी थी। इसी कारण आप आज इस अति आवश्यक बैठक में उपस्थित है। संचालन टोली के सदस्य होने के नाते आप सभी में अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का जज्बा होना आवश्यक है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एंव प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में हमारी पार्टी ने काफी समय पहले से ही प्रचार अभियान प्रारंभ कर दिया है। हमारी पार्टी आज राष्ट्रीय स्तर से लगाकर बूथ स्तर तक मजबूती से खडी है। हमारे कार्यकर्ताओं ने बूथ संपर्क अभियान, गांव चलो अभियान के साथ-साथ लाभार्थी संपर्क अभियान में कठोर परिश्रम कर प्रत्येक बूथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प अनुसार पूर्व प्राप्त हुए वोटों में 370 वोट अधिक प्राप्त करने का कार्य कर रहे है। हमारी पार्टी ने देश की जनता समक्ष अपने प्रमुख संकल्प राम मंदिर प्रतिष्ठा एंव 370 पूर्ण किये है जिससे हमारी विश्वसनीता देश की जनता के सामने और अधिक मजबूत हुई है। हमने गांव गरीब युवा किसान के साथ गरीब कल्याण की अनेक योजनाओं को चलाते हुए देश की सीमाओं को मजबूत बनाने का कार्य किया है। मेरा आप सभी प्रबंधन समिति के सदस्यों से निवेदन है कि बेहतर तालमेल और सामंजस्य के साथ आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को 6 लाख वोटो से अधिक वोट से विजयी बनाने का प्रण लेवें। बैठक में श्री सारंग ने प्रबंधन समिति के प्रत्येक सदस्य से वन टू वन चर्चा कर दी उन्हे दी गई जिम्मेदारी की जानकारी लीं।

प्रबंधन समिति को संबोधित करते हुए लोकसभा चुनाव प्रभारी बजरंग पुरोहित, बैठक को भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, भाजपा जिलाध्यक्ष नीमच पवन पाटीदार ने भी संबोधित किया। बैठक के पश्चात कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने भाजपा जिला कार्यालय पर स्थापित मीडिया विभाग कक्ष एंव कार्यालय कक्ष का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैठक का संचालन भाजपा जिला महामंत्री राजेश दीक्षित ने किया एंव आभार भाजपा जिला महामंत्री गणपत सिंह आंजना ने माना। बैठक में लोकसभा प्रबंधन एंव चुनाव संचालन समिति के सदस्य गण राजेन्द्र सुराना, ईश्वरलाल पाटीदार, हेमंत हरित, महेन्द्र भटनागर, बंसीलाल राठौर नीमच, दुर्गा पाटीदार, अनिल कियावत, मुकेश काला, धीरज पाटीदार, राकेश भारद्वाज, सुखलाल पंवार, हिम्मत डांगी, जगदीश परमार, संतोष चोपडा, जितेन्द्र सिंह चौहान, सुखलाल सेन, संजय मुरडिया, शिवराज सिंह राणा, राजेश नामदेव, राजेश पालीवाल, राजु चावला, अंकित सोनी, निलेश जैन, विनय धनगर, निर्मला गुप्ता, सुनिल पटेल, महेश जुनवाल, पुलकित पटवा, नरेश चंदवानी, जितेन्द्र सिंह चौहान, रणजीतसिंह चौहान, नरेंद्र मालवीय दलपत सिंह डांगी सहित प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक के पश्चात क्लस्टर प्रभारी केबीनेट मंत्री विश्वास सारंग ने भारतमाता चौराहा पर जिला भाजपा द्वारा आयोजित टीएमसी सरकार के पुतला दहन कार्यक्रम में सहभागीता की। पुतला दहन कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, लोकसभा चुनाव प्रभारी बजरंग पुरोहित, लोकसभा चुनाव संयोजक देवीलाल धाकड, भाजपा जिलाध्यक्षगण नानालाल अटोलिया, पवन पाटीदार, विधायक माधव मारू, चन्दरसिंह सिसौदिया, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, विस्तारक धनजंय दीक्षित, भाजपा जिला महामंत्रीगण गणपतसिंह आंजना, राजेश दीक्षित, सुखलाल पंवार, नपा अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर सहित भाजपा जिला पदाधिकारी एंव कार्यसमिति सदस्यगण, मंडल अध्यक्ष महामंत्रीगण, पार्षदगण, मोर्चा प्रकोष्ठगण उपस्थित थें।उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

## दलौदा रेल में सात दिवसीय इकाई स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारम्भ

**दलौदा, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय दलौदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष शिविर ' स्वास्थ्य जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य 'थीम पर शुभारम्भ दलौदा रेल मे किया गया। शिविर का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ . डीसी गुप्ता, स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री हेमंत जी धनोतिया,दलौदा रेल के सरपंच प्रतिनिधि श्री बालाराम जी पाटीदार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया।इसके पश्चात छात्र छात्राओं ने सरस्वती वन्दना सुनाई। राष्टीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो .अरुणा नापित ने सात दिवस मे होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। स्थानीय प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष श्री हेमंत जी धनोतिया ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज सेवा करने का अवसर मिलता है। बच्चों को समाज सेवा के प्रति जागरूक करना ही एन एस एस का उद्वेश्य है। प्राचार्य ने कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन का होना अत्यंत आवश्यक है। रा. से . यो . के माध्यम से छात्र छात्राओं को चरित्र निर्माण के नए अवसर मिलते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ .गजराज श्यामसुंदर पंडिया तथा आभार डॉ . नोंदराम मालवीय ने माना।इस अवसर पर डॉ.ओंकार सिंह रावत तथा शिविर के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।



## अनुराग जनजागरण पदयात्रा कल

**मंदसौर, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** स्वच्छता, पर्यावरण व जल संवर्धन के लक्ष्य को लेकर मन्दसौर नगर से अनुराग (प्रेम) रखने वाले गणमान्य नागरिकों के मार्गदर्शन में पदयात्रा निकाली जाएगी। प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को निकाली जाने वाली पदयात्रा दिनांक 3 मार्च 2024, रविवार को प्रात: ठीक 8.30 बजे श्री राम जानकी मंदिर, नरसिंहपुरा से प्रारम्भ होकर नरसिंहपुरा व मदारपुरा क्षेत्र में भ्रमण करेगी। पैदल चलने में असमर्थ महानुभाव प्रात: 9 से 9.15 के मध्य एक्त्रीकरण स्थल श्री राम जानकी मंदिर, नरसिंहपुरा में पधारकर आमजन हित के इस अभियान को अपना नैतिक समर्थन अवश्य प्रदान करें।


### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, मंदसौर

दूरभाष क्रमांक-07422-256284, फेक्स-07422-255215
महू-नीमच रोड शासकीय महाविद्यालय के पास मंदसौर, E-mail-: eephedmas@mp.nic.in

NIT NO. 21/2023-24

क्रमांक-535/व.ले.लि./का.यं./2024 मंदसौर, दिनांक - 23.02.2024

निम्नलिखित कार्य आमंत्रण सूचना वेबसाईट www.mptender.gov.in पर प्रदर्शित की गई है। टेंडर का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

| टेण्डर आई. डी.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपयों में) | 1. अर्नेस्टमनी (रुपये में) 2. आमंत्रण क्रमांक | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | निविदा क्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024_PHED_336955_1 | मंदसौर जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड मंदसौर के अंतर्गत उपखंड मंदसौर में 10 नग (अर्द्धकुशल लेबर) श्रमिक आउट सोर्सिंग के माध्यम से सर्विस प्रोवाईडर द्वारा उपलब्ध कराने के कार्य बी.ओ.क्यू. अनुसार संपादित करना। | 1299400.00 | 1. 25988.00 2. प्रथम आमंत्रण | 365 दिवस | 11.03.2024 17.30 तक |

उक्त कार्य की निविदा क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिग एकाउन्ट के माध्यम से भुगतान करने पर ऑनलाईन उक्त बेवसाईट पर क्रय की जा सकती है। निविदा से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन वेबसाईट पर देखा जा सकता है। संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

(पी.के. गोगादे)
कार्यपालन यंत्री लोक स्वा.यां. खंड, मंदसौर
फोन नं.-07422232190

G-25188/23 दो गज की दूरी, मास्क है जरुरी।


# पश्चिम बंगाल में हो रहे कृत्यों के लिए दोषियों पर तुरंत कार्रवाई की जाए

## महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में महिला समन्वयक समिति ने दिया ज्ञापन

**मंदसौर, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** हिला समन्वयक समिति मंदसौर द्वारा संदेशखाली (पश्चिम बंगाल) में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार का विरोध में एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को दिया गया। तथा पश्चिम बंगाल में हो रहे इन कृत्यों के लिए दोषियों पर तुरंत कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में कहा कि संदेशखाली (पश्चिम बंगाल) में महिलाओं, बच्चों एवं परिवारों पर हो रहे अमानवीय अत्याचारों एवं हिंसा का हम घोर विरोध करते हैं। ये घटनाएं, जो निरंतर हो रही थी, 47 दिन पहले ईडी के अधिकारियों पर हमला होने के बाद और शहजाद शेख के फरार होने के बाद ही सामने आ सकी। राजनीति और धार्मिक कारणों से प्रेरित ये कृत्य पुलिस प्रशासन एवं पश्चिम बंगाल सरकार की नाकामी को उजागर करते हैं। बच्चों और महिलाओं के साथ बर्बरता पूर्वक व्यवहार, यौन उत्पीडन, मारपीट की अनेकों घटनाएं लगातार निकलकर



सामने आ रही हैं। अपराधियों द्वारा जमीन हड़पने के कितने ही मामले लगातार उजागर हो रहे हैं। इन घटनाओं से पश्चिम बंगाल की महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा की चिंताजनक स्थिति सामने आई है। स्थिति इतनी भयानक है कि कई दिनों से हो रहे अत्याचारों की घटनाओं के बाद भी पुलिस ने कोई एफआईआर दर्ज नहीं की थी। राजनैतिक, धार्मिक, आर्थिक मुद्दों में महिलाओं एवं बच्चों को निशाना बनाना अत्यंत अमानवीय, अपमानजनक एवं पीड़ादायक है। हम इन दर्दनाक घटनाओं की घोर निंदा एवं विरोध करते हैं। हम महिला समन्वयक समिति ने महामहिम राष्ट्रपति से मांग की कि पश्चिम बंगाल में हो रहे इन कृत्यों के लिए दोषियों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। सभी दोषियों के खिलाफ मुकदमें दर्ज करके जल्द गति न्यायालय (फास्ट ट्रैक कोर्ट) में केस चलाकर शीघ्र न्याय दिया जाए। सभी पीड़ित महिलाओं, बच्चों एवं परिवारों को सुरक्षा एवं आर्थिक सहायता तुरंत प्रदान की जाए। पश्चिम बंगाल सरकार एवं पुलिस तुरंत इस पर कार्रवाई करें। केंद्रीय गृह मंत्रालय तुरंत ही इन सभी घटनाओं का संज्ञान लेकर भारतीय संविधान एवं अन्य कानूनों के तहत उपयुक्त कार्रवाई करे। राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा दखल देने का हम स्वागत करते हैं। इस अवसर पर नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, भाजपा महिला जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता, डॉ. अलका हिंदुस्तानी, सुनीता भावसार, किरण मावर, वर्तिका पारिख, भावना, ललिता, चित्रा भावसार, रानू भावसार, शीतल, अनुसुइया पांडे, चंद्रकला शर्मा, दिव्या, विद्या उपाध्याय, कौशल्या, मीनाक्षी, रेखा व अन्य मातृशक्ति उपस्थित थी।

## चुनाव आयोग की लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टियों को सख्त हिदायत, कहा- मर्यादा में रहकर करना होगा प्रचार

**नई दिल्ली, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सख्त दिख रहा है। उसने सभी पार्टियों को साफ संदेश दिया है कि राजनीतिक दलों को सार्वजनिक प्रचार के दौरान मर्यादा रखनी होगी।

चुनाव आयोग भारत (ईसीआई) ने कहा कि आम चुनाव 2024 से पहले, राजनीतिक दलों को सार्वजनिक प्रचार में मर्यादा बनाए रखनी होगी। वह अगर ऐसा नहीं करते हैं, तो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष एमसीसी उल्लंघनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आयोग ने एमसीसी उल्लंघनों के संबंध में एमसीसी के तहत स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों पर अतिरिक्त जिम्मेदारी डाली है।

## कांग्रेस के लिए आशा की...

पेज 1 से जारी

रखने वाले भाजपा विधायक से मुक्ति पाना। सभी एक हुए विपिन जैन के लिए तब ही आज मंदसौर नीमच संसदीय क्षेत्र से एकमात्र कांग्रेसी विधायक विपिन जैन है। यह तब की स्थिति है, जब भाजपा में एक ही सांसद सुधीर गुप्ता के साथ चुनावी रण हुआ था। अब दौर बदला हुआ है और भाजपा पहले से अधिक मजबूत होकर लोकसभा चुनाव लड़ने को तैयार है। भाजपा हाल ही में राज्यसभा सांसद चुने गए बंशीलाल गुर्जर के साथ डबल संसदीय ताकत के साथ मैदान में उतरेगी। बंशी गुर्जर की राजनीति जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में खास मजबूत अपने जनाधार लगातार ढाई दशक से संजोए हुए हैं, तो एक दशक से सुधीर गुप्ता सांसद बन रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस संगठन किस आधार पर, किस योजना के साथ सामना करेगी! यह समय बताएगा। जबकि, राष्ट्रीय स्तर पर जो राजनीतिक वातावरण बना हुआ है। उसमें कहीं भी कांग्रेस वर्चस्व बनाती नजर नहीं आ रही है। सिवाय दक्षिण के जहां अब की बार माना जा रहा है कि भाजपा येन केन प्रक्रेण प्रवेश पा जाएगी। अगर ऐसा होता है, तब कांग्रेस के लिए भविष्य मे और कठिनाई भरा रास्ता होता जाएगा।

## नपा सीएमओ के खिलाफ...

पेज 1 से जारी

प्रतिवेदन प्रस्तुत करने में एवं आयोग के समक्ष 15.12.2023 को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने में असफल होने के कारण 5 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। तत्संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 15.12.2023 तक जवाब प्रस्तुत करने तथा आयोग के समक्ष 15.12.2023 को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने में असफल होने के कारण धारा 32(क) व्यवहार प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत 5 हजाररूपये का जमानती वारण्ट 30 अप्रैल 2024 को व्यक्गित रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिये है। सूचना पत्र एवं जमानती वारंट पुलिस अधीक्षक, मंदसौर के माध्यम से तामील करवाकर 30.04.2024 के पूर्व किया जाना है।

## सामुहिक राष्ट्रागॉन, मप्र गान एवं वन्देमातरम का गायन हुआ

**नीमच, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला कलेक्टर कार्यालय नीमच में सामुहिक राष्ट्र गॉन एवं वंदेमातरम के गायन से कार्यो की शुरूआत हुई। राष्ट्रगॉन एवं वन्देमातरम का गायन संयुक्त कलेक्टंर सुश्री प्रीति संघवी की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट भवन स्थित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने सामुहिक रूप से राष्ट्रगॉन एवं वंदे मातरम एवं म.प्र.गॉन का गायन किया। तदपश्चात शासकीय कार्यो की शुरूआत की गई। राजस्व, भू-अभिलेख, श्रम, आदिम जाति कल्याण, आबकारी, खनिज, शिक्षा, कोषालय, पुलिस विभाग, जिला जनसम्पसर्क, शहरी विकास अभिकरण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## दशनाम गोस्वामी समाज की बैठक कल

**मंदसौर, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** दशनाम गोस्वामी समाज मालवा-मेवाड़ सामूहिक विवाह सम्मेलन आगामी 12मई को आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन को भव्यता प्रदान करने एवं अधिक से अधिक जोड़ों को शामिल करने हेतु समाज की एक मीटिंग कल 3 मार्च, रविवार को प्रात: 10 बजे ग्राम कितुखेड़ी में शंभूपुरी गोस्वामी के निवास पर रखी गई है। समाज अध्यक्ष मांगूपुरी कचनारा ने बताया कि बैठक में विवाह पंजीयन, कार्य विभाजन, प्रत्येक मंडल से दस दस कार्यकर्ताओं के नाम मण्डल महंत सहित सामूहिक विवाह से संबंधित विषयों पर होगी। अध्यक्ष मांगूपुरी कचनारा ने सभी समाजजनों से मीटिंग में उपस्थित होने की अपील की है।


### कार्यालय सम्पदा अधिकारी
### म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम
### नामान्तरण -सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी रामटेकरी मंदसौर स्थित भूखंड क्रमांक 56 श्रीमती पुष्पादेवी पति श्री विमल कुमार तरवेचा को मण्डल आदेश क्रमांक 915 दिनांक 08.02.2022 द्वारा नामांतरित हुआ था। उक्त भूखंड का लीज नवीनीकरण दिनांक 16.03.2022 उपपंजीयक कार्यालय में निष्पादित किया गया था। श्रीमती पुष्पादेवी पति श्री विमल कुमार तरवेचा द्वारा उक्त भूखंड श्री दीपक चौधरी पिता श्री जगदीशचन्द्र चौधरी को विक्रय कर विक्रय पत्र दिनांक 02.12 2022 को इनके पक्ष में निष्पादित करवा दिया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर भूखंड का नामांतरण श्री दीपक चौधरी पिता श्री जगदीशचन्द्र चौधरी अपने नाम करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भूखंड का नामांतरण श्री दीपक पिता श्री जगदीशचन्द्र चौधरी के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नहीं होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)



### कार्यालय सम्पदा अधिकारी
### म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम
### नामान्तरण -सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गांधी नगर मदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG JR-89 कु.सुमनलता पिता स्व. श्री अमृतलाल जैन को वर्ष 2009 में आवंटित किया गया था। भवन का विक्रय विलेख दिनाक 15.09 2010 को निष्पादित किया गया था।

आवंटी कु. सुमनलता पिता स्व. श्री अमृतलाल जैन द्वारा अपने जीवनकाल में रजिस्टर्ड वसीयत दिनांक 10 .07 2015 को अपने भाई श्री सुनील जैन पिता स्व. श्री अमृतलाल जैन के पक्ष में निष्पादित करवाई गयी थी। कु. सुमनलता पिता श्री अमृतलाल जैन का स्वर्गवास दिनाक 20.12.2020 को हो जाने से इनके भाई श्री सुनील जैन पिता स्व. श्री अमृतलाल जैन वसीयत एवं प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर भवन का नामांतरण अपने नाम करवाना चाहते है।

अतः इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/सस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय सस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो यह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत कर समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक MIG JR-89 गाँधी नगर मंदसौर का नामान्तरण श्री सुनील जैन पिता स्व. श्री अमृतलाल जैन के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नहीं होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)



### कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक क्यू/2024 मंदसौर, दिनांक 01.03.2024

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लायसेंस क्रमांक एमपी 14 - 20230003567 जो कि इस कार्यालय में श्री सुनीलकुमार पिता अनीलकुमार विश्वकर्मा निवासी पटलावदा के नाम से पंजीकृत है।

अत: उक्त लायसेंस में श्री सुनीलकुमार पिता अनील कुमार निवासी पटलावदा का नाम सुधार करना है।

इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के तीन दिवस के भीतर अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाकर लायसेंस में सुधार किया जावेगा।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर



### कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक -क्यू मंदसौर, दिनांक 22.02.2024

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14 एबी 3790 जो कि परिवहन कार्यालय मंदसौर में सज्ञनसिंह पिता दुलेसिंह तरनोद, सुवासरा मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी सज्ञनसिंह की मृत्यु दिनांक 23.02.19 को हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती नंदूकुंवर पति सज्ञनसिंह निवासी तरनोद, सुवासरा, मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर



### कार्यालय सम्पदा अधिकारी
### म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम
### नामान्तरण -सूचना

मंडल की आवासीय कॉलोनी किटियानी मंदसौर स्थित भूखंड क्र. L / 161 श्री अनिल कुमार जैन पिता श्री सुन्दरलाल जैन को आवंटित है, जिसका पट्टाभिलेख दिनांक 29.05.2006 को पंजीकृत किया जा चूका है। इनके द्वारा उक्त भूखंड का विक्रयपत्र श्रीमती दमयंती पति श्री गोपालकृष्ण व्यास के पक्ष में दिनांक 29.05.2006 को पंजीयन करवाया गया था तथा श्रीमती दमयंती पति श्री गोपालकृष्ण व्यास द्वारा उक्त भूखंड का विक्रय पत्र श्री अपूर्व पोरवाल पिता श्री अशोक कुमार के पक्ष में दिनांक 27.08.2009 को पंजीबद्ध करवाया गया। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर भूखंड का नामांतरण श्री अपूर्व पोरवाल पिता श्री अशोक कुमार के नाम पर किया जाना है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भूखंड का नामान्तरण श्री अपूर्व पोरवाल पिता श्री अशोक कुमार के नाम कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)



### कार्यालय सम्पदा अधिकारी
### म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम
### नामान्तरण -सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी दलौदा जिला मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG.I-05 श्री मोहनलाल चौहान पिता श्री सीताराम चौहान को आवंटित किया गया था। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 21.10.2009 को पंजीबद्ध किया गया था। आवंटी श्री मोहनलाल चौहान पिता श्री सीताराम चौहान द्वारा उक्त भवन का एक भाग दिनांक 18.05.2011 तथा एक भाग दिनांक 24.06.2017 को इस प्रकार पूर्ण भवन का विक्रय पत्र श्रीमती श्यामा पंवार पति श्री सुरेन्द्र सिंह पंवार के पक्ष में निष्पादित किया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर श्रीमती श्यामा पंवार पति श्री सुरेन्द्र सिंह पंवार उक्त भवन का नामांतरण अपने नाम करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन का नामान्तरण श्रीमती श्यामा पंवार पति श्री सुरेन्द्र सिंह पंवार के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)



### कार्यालय सम्पदा अधिकारी
### म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम
### नामान्तरण -सूचना (मृत्यु उपरांत)

मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटियानी मंदसौर स्थित भवन क्रमांक HX-63 श्री रमेश मावर पिता श्री जीतमल मावर को मण्डल द्वारा वर्ष 1992 में आवंटित किया गया था। भवन का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में दिनांक 31.01.1994 को पंजीबद्ध किया गया था। आवंटी श्री रमेश मावर पिता श्री जीतमल मावर का स्वर्गवास दिनांक 06.06.2023 को हो जाने से इनकी पत्नी श्रीमती निर्मला मावर पति स्व. श्री रमेश मावर नामजदगी एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण अपने नाम करवाना चाहती है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे। समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक HX-63 किटियानी मंदसौर का नामान्तरण श्रीमती निर्मला मावर पति स्व. श्री रमेश मावर के नाम कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नहीं होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)



### कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय, मंदसौर

**निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 02/2024 दिनांक 1-3-2024**

जिला चिकित्सालय, मन्दसौर में केन्टीन के वार्षिक ठेके हेतु इस समाचारपत्र के दिनांक 28-2-2024 को प्रकाशित निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 01/2024 दिनांक 27-2-2024 एतद्वारा निरस्त घोषित की जाती है और इसके सन्दर्भ में यदि कोई निविदा प्रस्तुत होगी तो उसे अस्वीकार कर निरस्त किया जाएगा।

2 उक्त निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 01/2024 दिनांक 27-2-2024 के निरस्तीकरण के साथ ही निम्नांकित ठेकों के लिए यह संशोधित निविदा विज्ञप्ति जारी की जा रही है:-

1. जिला चिकित्सालय परिसर में वार्षिक केन्टीन ठेका
2. जिला चिकित्सालय परिसर में वार्षिक वाहन स्टेण्ड ठेका
3. जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के परिजनों के रात्रि विश्राम हेतु वार्षिक बिस्तर किराया ठेका।

2/ उक्त ठेकों की निविदाएँ हेतु टेण्डर डाक्यूमेंट जिला चिकित्सालय मन्दसौर के कक्ष क्रमांक 19 में दिनांक 9-3-2024 तक रूपये 500/- जमा कर प्राप्त किए जा सकते हैं। जमा राशि की रसीद प्राप्त करें। निविदा प्रपत्र दिनांक 12-3-2024 को या इससे पूर्व अपराह्न 5:30 बजे तक तक स्पीड पोस्ट/कुरियर सेवा या व्यक्तिश: आकर जमा कराए जा सकते हैं। निर्धारित समय के बाद प्राप्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। निविदा प्रस्तुत करने की विधि व शर्त टेण्डर डाक्यूमेंट में देखी जा सकती है। प्राप्त निविदाएँ उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष दिनांक 12-3-2024 को ही अपराह्न 5:45 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता के चेम्बर में उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जाएंगी।

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय, मन्दसौर

# सेवा कार्यो में उत्कृष्ट कार्य को लेकर रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा मंदसौर को मिला अवार्ड

## महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने रेडकॉस चेयरमेन प्रितेश चावला को किया सम्मानित

**मंदसौर, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सेवा कार्यों और सदस्यता अभियान में अव्वल आने पर रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा मंदसौर को अवार्ड मिला। रेडक्रॉस सोसायटी मध्य्रपदेश की वार्षिक साधारण सभा भोपाल में आयोजित हुई, जिसमें अतिथि के रूप में प्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल उपस्थित थे।

भोपाल स्थित राजभवन में आयोजन के दौरान महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल द्वारा सेवा कार्यों और सदस्यता अभियान में अव्वल आने पर रेडक्रास चेयरमैन प्रितेश चावला एवं प्रदेश प्रबंधसमिति के प्रतिनिधि एडवोकेट श्री राजकुमार गुप्ता को सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्टकार्य और समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय, कर्तव्यनिष्ठा, समाज के प्रति उनके समर्पण और दायित्वों के निर्वहन एवं स्वास्थ्य गतिविधियों की प्रशंसा की गई। उन्होने कहा कि मध्यप्रदेश में सिकल सेल एनीमिया के बहुत अधिक मरीज़ है। आने वाले समय में सभी अपने जिलो में रक्तदान के लिए आमजन को प्रेरित करे और रक्तदान करवाये। साथ ही निशय मित्र योजना से आमजन को जोड़े और जो व्यक्ति टी बी से पीड़ित है और जो पीड़ित व्यक्ति दवाई का खर्च नहीं उठा सकता, उसके इलाज का खर्च किसी दानदाता के माध्यम सें इस योजना से जोड़कर पीड़ित को लाभ



दिलाए। रेडक्रॉस चेयरमेन प्रितेश चावला ने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी मानव सेवा को अपना मूलमंत्र मानकर कार्य करता है। रेडक्रॉस का नाम लेते ही सबसे पहले दीनदुखियों और पीड़ितो की सेवा करने की तस्वीर उभर कर आती है और सेवा करने के लिए बड़ा परिवार होना आवश्यक है। ऐसे में हमने इस बार सदस्यता अभियान से लेकर अन्य सेवा कार्यो को आगे बढ़ाया है। आगे भी जिला रेडकॉस सोसायटी जिला शाखा मंदसौर इसी प्रकार से पीड़ित मानव सेवा के लिए कार्य करने के लिए दृढ संकल्पित है।

## दो बाइक की भिड़ंत, चार घायल

**नीमच, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शहर के सिटी थाना क्षेत्र में गुरुवार रात को जेतपुरा फंटे के पास दो बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार 4 लोग घायल हो गए। चारों घायलों को एम्बुलेंस द्वारा बड़े अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां घायलों का उपचार जारी है। चारो घायल मंदसौर निवासी है।

मिली जानकारी अनुसार चारों घायल व्यक्ति मंदसौर के रहने वाले हैं। घायलों का नाम पुष्कर पिता सत्यनारायण उम्र 20 वर्ष निवासी मंदसौर, राहुल पिता बिहारीलाल उम्र 29 वर्ष निवासी मंदसौर, कपिल पिता राजेश उम्र 19 वर्ष निवासी मंदसौर तथा रामपाल गायरी उम्र 55 वर्ष निवासी मंदसौर हैं। फिलहाल सभी घायलों का बड़े अस्पताल में उपचार चल रहा है। मामले की जांच में पुलिस जुटी हुई है।

## कड़ी आंत्री में पुलिस की दबिश, चार सौ लीटर शराब पकड़ी

### 20 हजार लीटर महुआ लहान नष्ट कराया, 5 प्रकरण बनाए



**मनासा, 1 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कुकडेश्वर थानां क्षेत्र स्थित अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब तस्करी के मामले में हब बन चुके ग्राम कड़ी आंत्री स्थित बाछड़ा समुदाय के डेरे में पुलिस ने संयुक्त दबिश डालकर भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है।


गुरुवार देर रात कुकड़ेश्वर थाना प्रभारी जयदीप राठौर ने बताया कि पुलिस टीम ने अवैध कच्ची शराब बनाने के लिए उपयोग में आने वाला लगभग 20 हजार लीटर महुआ लहान बरामद कर नष्ट किया। कार्रवाई में करीब 400 लीटर अवैध शराब, जिसमें हाथ भट्टी की कची शराब व अंग्रेजी शराब शामिल है, बरामद की गई। शराब की कीमत करीब 1लाख है। इस कार्यवाही में कुकड़ेश्वर के साथ रामपुरा थानां प्रभारी विपीन मसीह की टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई के दौरान पुलिस द्वारा बाछड़ा समुदाय के डेरे के पास स्थित खेतों में जमीन के अंदर गाड़ कर के रखी हुई, बियर, खेतों के अंदर छुपाई हुई अवैध कची शराब एवम बड़े पैमाने पर अवैध कची शराब को बनाने में उपयोग किए जाने वाले सभी उपकरण ड्रम एवं केनो को जप्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई। इस मामले में पुलिस ने पांच प्रकरण बनाए है।
















स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्िया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in